समय : २ घंटे | पूर्णांक : ६०

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१४)

(क) "दाने आए घर के अन्दर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद"

अथवा

"यहाँ तरह – तरह के जूते आते हैं
और आदमी की अलग – अलग 'नवैयत'
बतलाते हैं
सबकी अपनी – अपनी शक्ल है
अपनी – अपनी शैली है
मसलन एक जूता है"

(ख) "मुझे दुःख हुआ कि जिस देश के शासक इतने बड़े जन समूह को अनेक वर्षों से बहलाते रहे और अनेक वर्षों तक बहलाने की क्षमता रखते हैं, उस देश में रह कर मैं शर्मिंदा हो रहा हूँ।"

अथवा

"लोगों ने खूब तालियाँ पीटीं लेकिन मुझे समझ में नहीं आया कि निरर्थक नहीं जाने देने का लाभ किसके हित में लिखा जायेगा। वृद्ध तो मर खप गया, उसका कोई रिश्तेदार भी नहीं है। आखिर इस शहादत का लाभ मिलेगा किसे?"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२०)

(च) 'कलगी बाजरे की' कविता के सौन्दर्य को अपने शब्दों में चित्रित कीजिए।

अथवा

'रोटी' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

पीछे देखिए....

MN3ABS

समय : २ घंटे **पूर्णांक : ६०**

(छ) 'क्रिकेट इज इंडिया एंड इंडिया इज क्रिकेट' निबंध के माध्यम से इंडिया की क्रिकेट सम्बन्धी रूचि पर किये गये व्यंग्य को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'रुकी हुई ट्रेन और क्रांति का बीज' निबंध के माध्यम से राजनैतिक दलों के व्यक्तियों की मानसिकता पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ३) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(ट) 'दिवंगत पिता के प्रति' कविता की मूल सवेदना

अथवा

'अपनी केवल धार' रचना का भावार्थ

(ठ) 'घूस एक चिकनाई है' रचना का व्यंग्य

अथवा

'भगवान बचाए मेहमान से' रचना का आशय

प्रश्न–(४)(अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लेखन कीजिए :- (०८)

१) एक उजड़े जंगल की आत्मकथा

२) आरक्षण एक समस्या या समाधान

३) महिला सुरक्षा एवं न्यायनीति

४) युवाओं में फेसबुक का क्रेज़

पीछे देखिए....

MN3ABS

समय : २ घंटे   पूर्णांक : ६०

आ)निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं <u>दो</u> का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (०२)

१) हवा में बातें करना

२) मौके पर चौका मारना

३) दिन में तारे दिखना

४) साँप सूंघ जाना

इ) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए :- (०२)

(१) रोना (२) तरल (३) मुस्कान (४) पवित्र

ई) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के विशेषण रूप लिखिए :- (०२)

(१) राष्ट्र (२) राजनीति (३) इतिहास (४) कलंक

उ) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के वचन परिवर्तन कीजिए :- (०२)

(१) कवि (२) राजा (३) छात्र (४) माता

****